## महत्वपूर्ण एवं खास

### पीएससी परीक्षा में 6 सूत्रीय संशोधन को लेकर आदिवासी छात्र संगठन लोक सेवा आयोग का घेराव करेगा 28 को

रायपुर (आरएनएस)। लोक सेवा आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा से गणित विषय को हटाने की मांग को लेकर 5 सूत्रीय संशोधन को लेकर आदिवासी छात्र संगठन द्वारा बांठिया नर्सिंग होम केनाल रोड से हजारों की संख्या में शांतिपूर्ण रैली निकालकर 28 सितंबर को लोकसेवा आयोग कार्यालय का घेराव किया जाएगा। संघ के अध्यक्ष योगेश कुमार ठाकुर, निश्चल माहला एवं अमित ब्रम्ह ने प्रेसक्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि गणित विषय के चलते इंजीनियरिंग के छात्र मुख्य परीक्षा में प्रश्नों का सरलतापूर्वक जवाब देकर विभिन्न पदों में चयनित हो जाते हैं जबकि कला एवं वाणिज्य संकाय के गैर तकनीकी पृष्ठभूमि के छात्र चयन से वंचित होते हैं। वार्ताकारों ने कहा कि वे लोकसेवा आयोग से मांग करते हैं कि संघ लोकसेवा आयोग की तर्ज में राज्य सेवा मुख्य परीक्षा से गणित विषय को तत्काल हटाया जाए और उसके स्थान पर छत्तीसगढ़ी भाषा का नया प्रश्न पत्र जोड़ा जाए। इसके साथ ही राज्य सेवा परीक्षा 2018 के विज्ञापन में कला एवं वाणिज्य संकाय के स्नातकों के साथ समानता का व्यवहार किया जाए।

### रिटायर्ड बालको कर्मी के सूने आवास में हुई लाखों की चोरी

कोरबा (आरएनएस)। मानिकपुर चौकी क्षेत्र में एक बार फिर चोरों ने आतंक मचाते हुए एक रिटायर्ड बालको कर्मी के सूने आवास को निशाना बना लिया है। चोरों ने मकान से नगदी व स्वर्णाभूषण की चोरी कर ली है। आज सुबह चोरी की सूचना पर मानिकपुर चौकी पुलिस ने मकान का मुआयना किया।

### आरटीई में हुए फर्जीवाड़े की जांच के लिए रायपुर की टीम ने दी शिक्षा विभाग में दबिश

राजनांदगांव (आरएनएस)। प्रदेश के सबसे बड़े आरटीई घोटाले की लगातार शिकायत के बाद आज रायपुर संचलनालय की एक टीम ने शिक्षा विभाग में दबिश देकर जांच पड़ताल की। वहीं जांच अधिकारियों ने शिकायतकर्ता का बयान भी लिया है। वहीं विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों से पूछताछ की गई।

### सुने मकान का ताला तोड़कर नगदी सहित 60 हजार के जेवर पार

बिलासपुर (आरएनएस)। सरकंडा के रामाग्रीन सिटी के सूने मकान में चोरों ने धावा बोल दिया। घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर 5 हजार नकद सहित 60 हजार के सोने चांदी के आभूषण पार कर दिये। प्रार्थी के रिपोर्ट पर सरकंडा पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सरकंडा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार नर्मदा नगर निवासी प्रमोद श्रीवास सरकंडा के रामाग्रीन सिटी में डी 295 के प्रथम मंजिल में किराये से रहते हैं। जो कि 34 सितंबर को परिवार सहित अंबिकापुर गये थे। इसी दौरान सूनेमकान का फायदा उठाते हुये चोरों ने 24 व 25 सितंबर की दरमियानी रात घर में घुसकर ताला तोडक़र नगदी रकम 5 हजार व 20 ग्राम सोने का चैन व 1 सोने का रिंग उड़ा ले गये। घर का ताला टूटने की सूचना प्रमोद श्रीवास के दामाद राजेश श्रीवास को हुई। जिसने इसकी सूचना परिवार वालों को दी। घर में जाकर देखे तो मुय द्वार का ताला टुटा हुआ था। वही आलमारी भी खुली हुई थी तथा सब सामान बिखरा हुआ था। प्रार्थी राजेश श्रीवास की रिपोर्ट पर सरकंडा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### स्वास्थ्य विभाग में भर्ती घोटाले की शिकायत पर कलेक्टर की जांच टीम ने मारा छापा, सीएचएमओ और लिपिक आये जांच के दायरे में

सूरजपुर (आरएनएस)। जिला चिकित्सालय में एएनएम एवं बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता के स्वीकृत 132 पदों के मुकाबले 200 से भी अधिक लोगों की नियुक्ति कर देने के बाद सुर्खियों में आई नियुक्ति प्रक्रिया की जांच काफी हो-हल्ला के बाद भी शुरू नहीं हो पाई थी इसी दौरान स्वीकृत विभिन्न 235 पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई और इस भर्ती प्रक्रिया में लेन-देन का मामला भी सुर्खियों में आ गया जिसकी शिकायत पत्रकारों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह से की थी। मामले में गंभीरता दिखाते हुए जिले के कलेक्टर केसी देव सेनापति ने संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया की जांच हेतु 5 सदस्यीय टीम का गठन किया और इस टीम ने जिला चिकित्सालय में छापा मारकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ भर्ती प्रक्रिया के घोटाले को लेकर सुर्खियों में आए सहायक ग्रेड 2 के कार्यालय में पहुंच दस्तावेजों से भरी पांच अलमारी को सील कर दिया, इस दौरान अलमारी और टेबल में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी हाथ लगे हैं। गौरतलब है कि जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसपी वैष्य और उनके चहेते सहायक ग्रेड 2 जेम्स बेक ने सूरजपुर जिला चिकित्सालय में स्वीकृत 132 पदों के मुकाबले 200 से भी अधिक लोगों की नियुक्तियां लेनदेन करके कर दी थी इस मुद्दे को लेकर विभिन्न संगठनों और आवेदकों ने खूब हो-हल्ला मचाया लेकिन प्रशासनिक एवं राजनीतिक पहुंच रखने वाले इन अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हो पाई तो गत 19-20 सितंबर को जब प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह की पत्रकार वार्ता के दौरान जिले के मीडिया कर्मियों ने भर्ती प्रक्रिया में व्यापक पैमाने पर धांधली किये जाने की शिकायत मुख्यमंत्री से की थी जिस पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को जांच के निर्देश दिए थे जिले के कलेक्टर केसी देव सेनापति ने मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप डिप्टी कलेक्टर रवि सिंह के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम गठित की और टीम में सहायक आयुक्त डॉ ललित शुक्ला, नायब तहसीलदार अमृता सिंह, अधीक्षक कलेक्ट्रोरेट विनय कुमार सरकार व जिला कोषालय अधिकारी गजानंद पटेल बतौर सदस्य शामिल किये गये।

### बैंकों में लेनदेन पर नजर रखने के साथ अवैध परिवहन से बचने कलेक्टर ने दी हिदायत

कोरबा (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मो.कैसर अब्दुल हक तथा पुलिस अधीक्षक मयंक श्रीवास्तव ने आज विधानसभा निर्वाचन 2018 अंतर्गत जिले के सभी बैंक शाखा अधिकारियोंए ट्रांसपोर्टस की बैठक ली। कलेक्टर ने सभी बैंकों को निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग द्वारा रुपए के लेनदेन को लेकर बैंकों को विशेष निर्देश दिए गए हैए इसलिए बैंक के माध्यम से होने वाले लेनदेन में नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। अधिक लेनदेन होने तथा किसी भी लेनदेन में शंका होने पर उसकी सूचना निर्वाचन की टीम को समय पर दें। उन्होंने बैंक अधिकारियों को नियमों का पालन कढ़ाई से करने तथा किसी प्रकार से उल्लंघन किये जानेपर सख्त कार्यवाही की हिदायत दी है।

# भैंसा गाड़ी में घुसी तेज रफ्तार बाइक, किशोर सहित दो युवकों की मौत

### बिलासपुर के मस्तूरी में देर रात अंधेरे के चलते हुई दुर्घटना

### पैरा छोड़कर लौट रहे भाई की गाड़ी से भिड़ी युवकों की बाइक




बिलासपुर (आरएनएस)। जिले के मस्तूरी में बुधवार देर रात भैंसा गाड़ी और बाइक की टक्कर में एक किशोर सहित दो युवकों की मौत हो गई। तीनों दोस्त एक ही बाइक पर सवार थे। मृतकों में एक युवक के भाई की ही भैंसा गाड़ी थी, वो पैरा छोड़कर लौट रहा था। सूचना पर पहुंची पचपेड़ी पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में रखवा दिया है। जहां युवकों का पंचनामा भरा जा रहा है। प्राप्तजानकारी के मुताबिक, चिसदा गांव निवासी राजेश पटेल (26), रामेश्वर (27) और दीपक दास (17) तीनों एक ही बाइक से बुधवार रात किसी काम से निकले थे। अभी तीनों रात करीब 8 बजे जोंधरा गांव पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही भैंसा गाड़ी से उनकी तेज रफ्तार बाइक की भिड़ंत हो गई। संभावना जताई जा रही है कि आस-पास काफी अंधेरा होने के कारण उनको आगे जा रही भैंसा गाड़ी नहीं दिखी होगी।

हादसे में मारे गए राजेश का भाई चंद्रेश पटेल ही भैंसा गाड़ी चला रहा था। वह जोंधरा पैरा छोड़कर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में हादसा हो गया। मौके पर अपने भाई को देख उसके होश उड़ गए। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी।

# अपर कलेक्टर सुनील नायक निलंबित

रायपुर (आरएनएस)। सेवा में घोर लापरवाही को कारण बताते हुए राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और रायपुर में डिप्टी कलेक्टर रहे सुनील नायक को राज्य सरकार ने बुधवार को निलम्बित कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर रायपुर के उप सचिव एमआर ठाकुर ने निलंबन आदेश जारी किया है। इस आदेश को तत्काल प्रभाव से पालन करते हुए निलंबन अवधि के दौरान श्री नायक जगदलपुर संभागायुक्त कार्यालय में अटेच रहेंगे। ज्ञात हो कि सुनिल नायक को राज्य शासन ने दिनांक 21.5.2018 को स्थानांतरण कर दिनांक 30.5.2018 तक नारायणपुर में कार्यभार ग्रहण करने तथा रायपुर में कार्यमुक्त होने की सूचना शासन को दिया जाना था लेकिन आदेश के 4 महीने पूरे होने के बाद भी श्री नायक ने कार्यभार ग्रहण नहीं किया । उक्त कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 के अनुरूप न होकर कर्त्तव्य के निर्वहन में गंभीर लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं स्वेच्छाचारिता का परिचय तथा कदाचरण स्पष्ट होता है। जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम, 1966 के अधीन दंडनीय है। निलंबन अवधि में अधिकारी को जीवन निर्वाह के लिये भत्ता नियम अनुसार ही पात्र होंगे।

## हाईवा की टक्कर से टैम्पो सवार 4 ग्रामीणों की मौत, 5 गंभीर

### सूरजपुर-चंदरपुर बाइपास चौक पर हुआ हादसा

सूरजपुर (आरएनएस)। आलू की खेती करने के लिए बीज लेकर कलुआ लौट रहे चार ग्रामीण किसानों की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। घटना छत्तीसगढ़ प्रदेश के सूरजपुर जिला मुख्यालय से लगे चंदरपुर बायपास चौक की है, जहां तेज रफ्तार हाईवा वाहन ने ग्रामीणों से भरी ऑटो रिक्शा को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में 5 लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं जिन्हें प्राथमिक उपचार पश्चात अम्बिकापुर रैफर किया गया है।

इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कृष्णपुर कलुआ निवासी आकालू सिंह, अमृत सिंह, रामधनी और कृष्ण कुमार समेत 9 लोग सूरजपुर साप्ताहिक बाजार खेती के लिए आलू बीज लेने आये थे, करीब साढ़े पांच बचे ऑटो टैम्पो वाहन में आलू बीज लेकर सभी वापस अपने घर कलूआ कृष्णपुर जा रहे थे।

## बस स्टैंण्ड़ परिसर में अज्ञात युवक की संदेहास्पद परिस्थितियों में हुई मौत, कारण अज्ञात



जगदलपुर (आरएनएस)। शहर के मध्य स्थित नया बस स्टैंड में मंगलवार देर रात्रि तकरीबन 10:30 बजे उस वक्त सनसनी फैल गयी, जब एक युवक की संदेहास्पद परिस्थितियों बस स्टैंड परिसर में सोते वक्त मौत हो गयी। इस घटना के दौरान यात्रियों और आगंतुकों ने उक्त मृत युवक को गहरी नींद में सोया हुआ सोचा, परन्तु जब काफी देर तक युवक की कोई हलचल नहीं दिखी तो परिसर में दहशत व हंगामा खड़ा हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों व स्थानीय लोगों के अनुसार, मंगलवार की सुबह उक्त युवक बस स्टैंड के भीतर स्थित एक होटल में रुकने आया था, पर उसके पास कोई पहचान पत्र नहीं होने की वजह से वहां से लौट गया। जिसके बाद देर शाम फिर वह युवक बस स्टैंड में दिखा और उस वक्त से ही युवक की स्थिति गंभीर लगने की बात की जा रही थी। रात्रि लगभग दस बजकर तीस मिनट पर वह थोड़ा छटपटाया, जिसके बाद 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और कुछ देर पश्चात उसे मृत घोषित कर दिया गया था।

घटनास्थल पर पहुंचे बोधघाट थाना प्रभारी धनंजय सिन्हा ने बताया कि अब तक उक्त मृत युवक की शिनाख्त नहीं हो पायी है। आसपास के लोगों ने बताया कि मृत्यु पूर्व उक्त युवक बालोद में रहने की बात कह रहा था। प्रथम दृष्ट्या युवक के मृत्यु का कारण पैर में घाव होना अथवा हृदयघात होना बताया जा रहा है।

बहरहाल, बोधघाट पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले के जांच की प्रक्रिया शुरू की चुकी है।

## रायपुर के सराफा व्यवसायी जांजगीर में 38 बैग चांदी के साथ गिरफ्तार

जांजगीर चांपा (आरएनएस)। बड़ी मात्रा में चांदी के आभूषण लेकर तीन वाहनों में निकले रायपुर के सर्राफा व्यवसाई को पुलिस ने पकड़ा। उसके पास से 38 बैग में रखे चांदी के जेवरात जप्त किए गए हैं, इनमें आधा किलो से अधिक सोना बताया जा रहा है।

मंगलवार 25 सितंबर की रात करीब 11:00 बजे मुखबिर की सूचना पर क्राइम ब्रांच की टीम ने तीन स्कॉर्पियो वाहनों को रोका।

जांच करने पर तीनों गाड़ियों में 38 बैग में भरे चांदी के जेवरात मिले इनमें आधा किलो करीब सोने के जेवरात थे। नैला चौकी प्रभारी के अनुसार उक्त माल को बैरन बाजार रायपुर निवासी सागर जैन और उसके पिता सुनील जैन दोनों बेचने के लिए निकले थे। वे एस एस ज्वेलर्स रायपुर के संचालक है।

पूछताछ पर उन्होंने उक्त माल को फेरी लगाकर बेचने की बात कही, लेकिन इतनी मात्रा को देखते हुए पुलिस ने इनकम टैक्स के अधिकारियों को बुलवाया और उनके द्वारा जांच पड़ताल की गई। फिलहाल उक्त माल को तीन बड़ी पार्टियों में सील करके जप्त किया गया।

# मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने दी किसुनगढ़ एवं खरहट्टा को नवीन 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रों की सौगात

### इन उपकेन्द्रों के ऊर्जीकरण से 43 ग्रामों के लगभग 11000 ग्रामीणजनों को मिलेगी निर्बाध विद्युत की सुविधा



राजनांदगांव/कवर्धा (आरएनएस)। अटल विकास यात्रा के दूसरे चरण में जंगलो एवं पहाड़ों से घिरे ग्राम कुई-कुकदूर में आयोजित गरिमामय समारोह में माननीय मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के करकमलो द्वारा पंडरिया विकासखण्ड के ग्राम खरहट्टा में मुख्यमंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना के तहत 1.31 करोड़ रू0 की लागत से नवनिर्मित 33/11 के0व्ही0 उपकेन्द्र तथा किसुनगढ़ में पं.दीनदयाल ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत 2.06 करोड़ रू0 की लागत से नवनिर्मित 33/11 के0व्ही0 उपकेन्द्रों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री महेश गागड़ा, सांसद श्री अभिषेक सिंह, संसदीय सचिव एवं पंडरिया विधायक श्री मोतीराम चन्द्रवंशी, विधायक कवर्धा श्री अशोक साहू, छ.ग.राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. सियाराम साहू, छ.ग.राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री बिशेषर पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष पटेल, सरपंच खरहटटा श्रीमती नंद कुमारी चन्द्रवंशी एवं सरपंच किसुनगढ़ श्री रोहित कुमार टंडन उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के आसंदी से संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि इस वनांचल क्षेत्र के हर परिवार को समुचित वोल्टेज पर विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए ये उपकेन्द्र मील के पत्थर साबित होगें। जंगलो एवं पहाड़ों में बसे हर मजराटोला, ग्राम के प्रत्येक घर को सौभाग्य योजना के माध्यम से रोशन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री महेश गागड़ा एवं सांसद श्री अभिषेक सिंह ने कहा कि इन उपकेंन्द्रो के शुरू हो जाने से ग्रामीण अंचलो की एक बड़ी आबादी को बिजली की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। पंडरिया विकासखण्ड के 43 ग्रामों के लोगों को निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी तथा इस क्षेत्रों की लो-वोल्टेज एवं ओवर लोडिंग की समस्या का समाधान भी होगा। छ.ग. स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने बताया कि इन उपकेन्द्रों में स्थापित 3.15 एम.व्ही.ए. के पॉवर ट्रांसफार्मरों से उक्त ग्रामों के 11000 उपभोक्ताओं को निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण विद्युत की सुविधा मिल रही है। उन्होने बताया कि ग्राम खरहट्टा एवं किसुनगढ़ में नवीन उपकेन्द्रों के लिए क्रमशः 4 कि.मी. व 12 कि.मी. नई 33 के.व्ही. लाइन का निर्माण किया गया है। यहाँ से निकलने वाले 11 के.व्ही. लाइनो में विद्युत सप्लाई के लिए 2.50 कि.मी. तथा 5 कि.मी. की नई लाइन सृजित की गई है। इन उपकेन्द्रों के निर्माण एवं ऊर्जीकरण में अधीक्षण अभियंता आर. एन. याहके, कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, अशोक उमरे, एस.आर. गुर्जर, सहायक अभियंता यु.के. धृतलहरे, प्रशांत पन्से, मनीष साहू, कनिष्ठ अभियंता समीर कुमार नियोगी का विशेष योगदान रहा है।

# अश्लील सीडी दिखाना छत्तीसगढ़ की संस्कृति मे नहीः डॉ रमन

### अटल विकास यात्रा पर सक्ती नगर में महाविद्यालय खोलने की घोषणा

जांजगीर चांपा (आरएनएस)। अटल विकास यात्रा के द्वितीय चरण में सक्ती नगर पहुंचे छत्तीसगढ के मुख्या डां रमन सिंह ने आज करोडों के विकास कार्यो का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होने लगभग 529 करोड़ के विकास कार्यो को लोकार्पण व शिलान्यास किया। वही अपने संबोधन में कांग्रेस पर तंस कसते हुआ कहा कि जब कांग्रेस के लोग मंत्री की अश्लील सीडी बनाते है और जब सीबीआई कार्रवाई करती है तो उनके लोग काले झंण्डे दिखाते है। सेक्स सीडी मामले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पर निशाना साधते हुऐ कहा कि राजनीति का स्तर इस हद तक नही गिरना चाहिए। सीडी दिखाना छत्तीसगढ़ की संस्कृति मे नही है। कांग्रेस ने 60 साल राज किया क्या 1 रूपये किलो मे चावल दिया था। बीजेपी ने स्मार्ट कार्ड बना कर इलाज की सुविधा दी। हमारी सरकार ने 40 लाख लोगो को मोबाइल बांटी। हमारी सरकार प्रति व्यक्ति आय बढाने का काम किया हैं गरीबो की आय की व्यवस्था की है। किसानो को 2400 करोड़ का बोनस दिया। कांग्रेस के लोग विकास का चिडियां ढुढने निकले है । हर गांव तक विकास पहुचाने के लिए बीजेपी सरकार प्रतिबद्व। उन्होने सक्ती मे महाविद्यालय खोलने के घोषणा करते हुऐ कहा कि सक्ती में अगले वर्ष महाविदयालय खोलने की घोषणा करता हूं। सक्ती को जिला बनाने की जब की चर्चा होगी, सक्ती का नाम सबसे पहले नंबर पर होगा। आने वाले समय मे इसको भी सरकार पूरा करेगी। इस प्रकार आमजनता को प्रोत्साहन राशि एवं विभिन्न योजनाओ के अन्तर्गत चेक प्रदान किये। इस अटल विकास यात्रा मे जांजगीर चांपा सांसद कमला देवा पाटले, सक्ती विधायक खिलावन साहु,पामगढ़ विधायक अंबेश जागडें,नारायण चंदेल सहित जिले समस्त कार्यकर्ता शामिल हुऐ।

### कांग्रेसियों की हुई गिरप्तारी...

डां रमन सिंह को काले झण्डे दिखाने निकले पुलिस ने कांग्रेसीयों को बीच रास्ते मे ही गिरप्तार कर लिया। वही काले झंडे दिखाने वालो मे नपा के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल के नेतृत्व मे दर्जनो कार्यकर्ता गिरप्तार हुऐ। इस विरोध को देखते हए सभा स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे।

## बैलगाड़ी और बाइक में भिड़त : 3 युवकों की मौके पर ही मौत

बिलासपुर (आरएनएस)। बिलासपुर में फिर एक बार रफ्तार का कहर देखने को मिला है। एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवकों की मौत हो गयी है। बताया जा रहा है की टक्कर इतनी जबरदस्त थी की तीन बाइक सवार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि बैलगाड़ी और बाइक में टक्कर में बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई है।

हादसा पचपेड़ी थाना क्षेत्र के जोंधरा में हुआ है। तीनों युवक चिसदा गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। तीनों मृतक युवक जोन्धरा से चिसदा जा रहे थे। इसी दौरान हादसे हो गया। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर शव बरामद कर लिया है। फिलहाल शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई शुरु कर दी है।

## बड़े भाई पर टांगी से हमला

कोरबा (आरएनएस)। पसान क्षेत्र में पारिवारिक विवाद को लेकर छोटे भाई ने बड़े पर टांगी से प्राणघातक हमला कर दिया। इस घटना में बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार पसान थाना अंतर्गत ग्राम अमझर यादव मोहल्ला में बजलाल यादव पिता भगतराम यादव निवासरत है। गांव में उसका छोटा भाई संतलाल यादव भ रहता है। विगत 18 सितंबर को संतलाल के साढ़े 4 वर्षीय पुत्र की डूबने से मौत हो गई थी। 28 सितंबर को उसका दशगात्र रखा गया है।

## समर्पण करने वाले नक्सलियों को हथियारों के हिसाब से मिलेगी अनुग्रह राशि

समर्पण करने वाले नक्सलियों को हथियारों के हिसाब से मिलेगी अनुग्रह राशि

रायपुर (आरएनएस)। हथियारों के साथ आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को उनके विभिन्न हथियारों पर अनुग्रह राशि देने के पूर्व के प्रावधानों में शामिल हथियारों के अलावा हथियारों के लिए अनुग्रह राशि तय की गई है।

मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार ऐसे नक्सलियों जो कि रॅाकिट लांच 84 एमएम के साथ आत्मसमर्पण करेंगे उन्हें 5 लाख की अनुग्रह राशि दी जाएगी। इसी तरह त्रिर्ची असाल्टी 3 लाख, इंसास रायफल 1.50 लाख, एक्स95 असाल्ट रायफल-एमपी 9 टेक्टिकल 1 लाख, एक्स केबिर 5.56 एमएम 60 हजार, यूबीजीएल अटेचमेंट 40 हजार, 315 बोर रायफल 30 हजार, ग्लास पिस्टल 9 एमएम 25 हजार, प्रोजेक्टर 13, 16 मस्केट, रायफल, यूबीजीएल सेल 2 हजार रूपए। ज्ञात हो कि राज्य सरकार द्वारा 16 नवंबर 2015 को जारी आदेश में नक्सल पीड़ित व्यक्तियों और आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास के लिए विस्तृत प्रावधान किए हैं, जिनमें एक प्रावधान यह भी है कि आत्मसमर्पित नक्सलियों ने यदि शस्त्रों के साथ समर्पण किया है तो उसे समर्पित शस्त्रों के बदले मुआवजे के रूप में शासन द्वारा अनुग्रह राशि स्वीकृत की जा सकेगी। जिसमें एलएमजी के लिए 4.50 लाख, एके-47 के लिए 3 लाख, एसएलआर रायफल के लिए 1.50 लाख, थ्री नॉट थ्री रायफल के लिए 75 हजार, 12 बोर बंदूक के लिए 30 हजार, 2 इंच मोर्टार के लिए 2.50 लाख, सिंगल शॉट गन के लिए 30 हजार 9 एमएम कार्बाइन के लिए 20 हजार, पिस्टल, रिवाल्वर के लिए 20 हजार, वायरलेस सेट के लिए 5 हजार, रिमोट डिवाईस के लिए 3 हजार, आईआईडी के लिए 3 हजार, विस्फोटक पदार्थ के लिए 1000 रूपए प्रति किलो, ग्रेनेड, जिलेटिन रॉड के लिए 500 और सभी प्रकार के एम्युनिशन के लिए 5 हजार रूपए प्रति हथियार का प्रावधान किया गया है। इस कड़ी में आज केबिनेट की बैठक में नए प्रावधान जोड़ा गया है। छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिका (अराजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 2006 के नियम 8 (2) के अनुसार सूबेदार, उपनिरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमांडर के पद पर नियुक्ति के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा को शिथिल करते हुए चयन परीक्षा वर्ष 2018 के लिए आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट की जाएगी।